हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ

16 जुलाई 2024, समय 1810

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महेंद्रगढ़ के पाली स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन को संबोधित किया।
- श्री अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक की तरह हरियाणा में कांग्रेस को पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर मुस्लिम समुदाय को देने का मौका नहीं दिया जायेगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति एम. कोटीश्वर सिंह और आर. महादेवन को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वैज्ञानिकों को उपज बढ़ाने के लिए किसानों से सीधे संवाद करने को कहा है।
- हरियाणा सरकार ने सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया है।
- हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अंबाला में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से स्थापित दो बिजली फीडरों का उद्घाटन किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज महेंद्रगढ़ के पाली स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'पिछड़ा वर्ग सम्मान' सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में किसी भी हालत में मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने की इनके अलावा प्रमुख तौर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, व केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के अलावा हरियाणा के अनेक मंत्री व विधायक मौजूद रहे श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनकर मुस्लिम समुदाय को देने का काम कर रही है। अगर हरियाणा में भी काँग्रेस सरकार आई तो वह यहां पर भी यही काम करेगी ।गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही पिछड़े वर्ग व अति पिछड़े वर्ग की विरोधी रही है। कांग्रेस ने अति पिछड़ा वर्ग का आरक्षण ठंडे बस्ते में डाला। लेकिन जब BJP की सरकार आई तो अति पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्ज देकर उनके अधिकारों को पक्का किया गया। इसके साथ ही बी जे पी सरकार ने पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग

में 27 फीसदी आरक्षण देने का काम किया।श्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की कैबिनेट ने तीन निर्णय लिए हैं, पहला निर्णय क्रीमी लेयर की सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करना , दूसरा पंचायतों में समूह 'क' को 8 प्रतिशत समूह ख को 5% आरक्षण देना और तीसरा, नगर निगम में समूह ख के लिए पाँच प्रतिशत आरक्षण देना है । उन्होंने कहा कि 8 प्रतिशत आरक्षण ज्यों का त्योंरहेगा । उन्होंने कहा कि ये तीनों निर्णय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की नीति को लागू करने वाले हैं ।श्री शाह ने कांग्रेस के 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान पर निशाना भी साधा और मंच से हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा कि श्री हुड्डा अपनी पार्टी के 10 साल का हिसाब और हमारी पार्टी के 10 साल का हिसाब लेकर जनता के पास जायें। गृह मंत्री ने कहा कि हम खुद अपना हिसाब जनता के पास लेकर जाएंगे। उन्होंने पंचायत के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि BJP ने 6 हजार 225 पंचायतों का विकास किया। केंद्रीय गृहमंत्री ने पांच पंचायतों का नाम लेकर उनके विकास गिनवाए और कह हिसाब हुडा साहब को देना है कि जब केंद्र और राज्य दोनों जगह जब कांग्रेस की सरकार रही तो हरियाणा को इन्होंने क्या दिया?

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और आर. महादेवन को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है।न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह वर्तमान में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, जबकि न्यायमूर्ति आर. महादेवन मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने बताया कि नियुक्ति न्यायाधीशों के अपना-अपना पद भार ग्रहण करने के दिन से प्रभावी होगी।

हरियाणा सरकार ने सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि राज्य सरकार सेना के साथ तालमेल बिठाकर जरूरत के अनुसार शहरों में सेना पॉलिक्लिनिक की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करेगी, ताकि उन्हें व उनके परिवारों को घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके लिए सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इस संबंध में उचित कार्रवाई करने को कहा गया उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सेना की ऐसी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संसाधन

उपलब्ध करवाएगी।उन्होंने कहा कि रेवाड़ी, रोहतक और महेंद्रगढ़ जैसे सैन्य बाहुल्य क्षेत्रों में चिकित्सा संस्थान स्थापित होने से सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वैज्ञानिकों को उपज बढ़ाने के लिए किसानों से सीधे संपर्क करने को कहा।श्री चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने सहित सरकार के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिकों, विश्वविद्यालयों ऐव महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों से जुडे सभी लोगों को एकजुट होकर काम करने की ज़रूरत है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार देश को दलहन और तिलहन के मामले में भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने वैज्ञानिकों से अनुरोध किया कि उत्पादन को प्रभावित किए बिना जैविक खेती पर ध्यान केंद्रित करें।

हरियाणा के परिवहन, महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने आज डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किये गये बिजली के दो नये फीडरों का शुभारम्भ किया। मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बिजली की बेहतर आपूर्ति के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज अंबाला को दो नये फीडर मिले हैं। श्री गोयल ने बताया कि अंबाला विधानसभा क्षेत्र में सरकार ने पाँच सब स्टेशन भी मंजूर किये हैं। जिसमे एक 66kv व चार 33 kv के सब स्टेशन शामिल है । जो अंबाला शहर विधानसभा के सुल्लर,अद्दोमाजरा,उदय पुर,घास मंडी और मंडोर के नजदीक स्थापित किये जायेंगे। मंत्री ने कहा कि इनके लिए जगह की तलाश शुरू कर दी गई है। जिसके बाद शहर से बिजली संबंधी समस्याएं खत्म होंगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि P.M सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में एक लाख घरों को सौर ऊर्जा कनेक्शन दिए जायेंगे।

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है की पुलिस स्टेशनों और पुलिस विभाग के नियंत्रण वाले स्थानों को गवाहों से पूछताछ के लिए निर्धारित न किया जाये ।केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है।उल्लेखनीय है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत सभी पुलिस स्टेशनों को ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से गवाहों से पूछताछ के लिए एक निर्दिष्ट स्थान की पहचान करने के लिए कहा गया है।

नीट पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण अभिकरण ने कल रात हज़ारीबाग के एक विश्राम गृह से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।इसके साथ ही हज़ारीबाग़ से अब तक पांच लोगों की गिरफ़्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बरामद किए गये हैं।

---

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने एक आरोपी को 1 किलो 6 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रवीण सिंह मूल रूप से उत्तराखंड के कंदोला गांव का निवासी है और वर्तमान में पल्ला के सूर्या विहार में रह रहा है। अपराध शाखा टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पल्ला नया रोड के पास गश्त के दौरान उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने चरस उत्तराखंड से 90,000 रुपये में खरीदी थी ।

---

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की बीएड प्रथम वर्ष की नियमित व री-अपीयर की प्रायोगिक परीक्षाएं 20 जुलाई से प्रारंभ होंगी।विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि बीएड प्रथम वर्ष रेगुलर व री-अपीयर की प्रायोगिक परीक्षाएं 20 जुलाई से 11 अगस्त तक ली जाएंगी। परीक्षा तिथि पत्र और रोल नंबर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए गए हैं ।प्रवक्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष मई-जून में ली गई बीए-एलएलबी, एलएलबी, एलएलएम की दूसरे, चौथे, छठे व आठवें सेमेस्टर की परीक्षाओं की यू एम सी मामलों की सुनवाई कल सुबह 10.30 बजे तथा बीबीए की दूसरे, चौथे, पांचवें व छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं की सुनवाई कल दोपहर 2.30 बजे और मई-जून में आयोजित बीसीए की दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के यू एम सी मामलों की सुनवाई परसों दोपहर 2.30 बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में की जाएगी।

---

सेना द्वारा हिसार, जींद, फतेहाबाद व सिरसा जिले के अभ्यर्थियों की अग्निवीर भर्ती की जाएगी । भर्ती प्रक्रिया हिसार के मिलिट्री स्टेशन के भर्ती कार्यालय के परिसर में 20 से 28 अगस्त तक आयोजित होगी । हिसार सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को उनकी पंजीकृत ईमेल पर प्रवेश पत्र भेज दिए गए हैं। उम्मीद्वार सेना की आधिकारिक वेबसाइटwww.joinindianarmy.nic.in पर लॉग इन करके अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन सिरसा जिले से , दूसरे दिन हिसार और सिरसा जिले , तीसरे दिन हिसार व फतेहाबाद जिले, चौथे दिन फतेहाबाद व जींद और पांचवें दिन जींद से अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती की जाएगी । हिसार, जींद, फतेहाबाद, सिरसा, जिलों की सभी तहसील से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/अग्निवीर स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों के उम्मीदवारों की भर्ती भी पांचवें दिन की जाएगी।